RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 22 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 280 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक


बालासाहेब ठाकरे की जयंती के बैनर को हटाते समय फट गया

**उद्धव ठाकरे की शिवसेना के शिवसैनिकों में गुस्सा**



Page - 3

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## नवाब मलिक के खिलाफ अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला; सबूतों के अभाव में क्लोजर रिपोर्ट




**मुंबई:** आईआरएस समीर वानखेड़े ने एनसीपी नेता नवाब मलिक के खिलाफ अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। उनकी याचिका पर हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस से जानकारी मांगी थी। मुंबई पुलिस ने बॉम्बे हाईकोर्ट में कहा कि हमने अत्याचार अधिनियम मामले की जांच की है। सबूतों के अभाव में हम मामले में क्लोजर रिपोर्ट लगा रहे हैं। समीर वानखेड़े की तरफ से एनसीपी नेता नवाब मलिक के खिलाफ दर्ज कराए गए मामले में मुंबई पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट लगाने का फैसला किया है। मुंबई पुलिस ने बॉम्बे हाईकोर्ट में कहा कि हमने अत्याचार अधिनियम मामले की जांच की है। सबूतों के अभाव में हम मामले में क्लोजर रिपोर्ट लगा रहे हैं। बता दें कि समीर वानखेड़े आईआरएस (भारतीय राजस्व सेवा) के अफसर हैं और उन्होंने मलिक के खिलाफ अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। वानखेड़े ने हाईकोर्ट में याचिका लगाकर इस मामले को सीबीआई को सौंप जाने की मांग की थी। उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई आगे न बढ़ाने का आरोप लगाया था।

मौजूदा समय में वानखेड़े करदाता सेवाओं के निदेशालय में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर तैनात हैं और एससी महार समुदाय से आते हैं। उनकी याचिका पर हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस से जानकारी मांगी थी। इस पर अतिरिक्त लोक अभियोजक एसएस कौशिक ने न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ को बताया कि 2022 अत्याचार मामले की जांच के बाद पुलिस ने 'सी-समरी रिपोर्ट' दाखिल करने का फैसला किया है।

# महाराष्ट्र : किलों से अतिक्रमण हटवाएगी फडणवीस सरकार





**अतिक्रमण के खिलाफ 31 मई तक कार्रवाई करने का आदेश**

**मुंबई :** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने पूरे राज्य के किलों पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ 31 मई तक कार्रवाई करने का आदेश दिया है। एक अधिकारी ने बताया कि कलेक्टरों को 31 जनवरी तक किलेवार अतिक्रमणों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने अतिक्रमण हटाने के लिए कलेक्टरों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियां गठित करने के लिए कहा है। यह समितियां एक फरवरी से 31 मई तक अतिक्रमण हटाओ अभियान की निगरानी करेंगी। वहीं भविष्य में अतिक्रमण रोकने के लिए सतर्कता समितियां भी गठित की जाएंगी।

फडणवीस ने कहा कि निर्णायक कार्रवाई के लिए जनता की मांग बढ़ रही थी और सरकार ने प्रतिक्रिया दी है। महाराष्ट्र में 47 किले केंद्र द्वारा संरक्षित हैं और 62 किले राज्य द्वारा संरक्षित हैं। जबकि लगभग 300 असुरक्षित किले हैं।

राज्य सरकार ने अतिक्रमण हटाने के लिए समितियों का गठन करने का आदेश दिया। राज्य के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि जिला स्तरीय समितियों में पुलिस आयुक्त, नगर निगम प्रमुख, वन अधिकारी और पुरातत्व विभाग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। वे यह तय करेंगे कि अतिक्रमणों से कुशलतापूर्वक निपटा जाए और कानून-व्यवस्था कायम रहे। किलों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई इसलिए की जा रही है ताकि ऐतिहासिक स्थल भावी पीढ़ियों के लिए अच्छी तरह संरक्षित रहें।

## मुंबई: शॉपिंग मॉल के बेसमेंट में अज्ञात महिला का शव मिला



**मुंबई:** पुलिस ने बताया कि पूर्वी उपनगर में एक शॉपिंग मॉल के बेसमेंट में एक अज्ञात महिला का शव मिला। एक अधिकारी ने बताया कि मॉल के एक कर्मचारी ने सुबह भांडुप में एक मॉल के बेसमेंट में 30 साल की एक महिला का शव देखा और अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि शव बेसमेंट में जमा पानी में तैरता हुआ मिला। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और महिला की पहचान और उसके परिवार का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक सूचना के आधार पर आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की गई है।

## जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड ब्रिज के पास तानसा पश्चिम जल पाइपलाइन में बड़ा रिसाव होने से शहर के कई हिस्सों में पानी की आपूर्ति बाधित



**मुंबई :** जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड ब्रिज के पास एक बड़ा रिसाव पाया गया, जिससे पवई में तानसा पश्चिम जल पाइपलाइन प्रभावित हुई. बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने मंगलवार को बताया कि रिसाव के कारण तानसा पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति तत्काल रोक दी गई है. बीएमसी ने समस्या को ठीक करने के लिए तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है, जिसके पूरा होने में लगभग 24 घंटे लगने की उम्मीद है. नगर निकाय ने बताया कि इस अवधि के दौरान पाइपलाइन के माध्यम से पवई से धारावी तक पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी. पानी की आपूर्ति बाधित होने से मुंबई के कई इलाकों पर असर पड़ेगा, जिसमें एस वार्ड, के-ईस्ट वार्ड, जी-नॉर्थ वार्ड और एच-ईस्ट वार्ड के कुछ हिस्से शामिल हैं. नगर निकाय ने कहा, ''इन इलाकों के निवासियों को मरम्मत अवधि के दौरान पानी बचाने की सलाह दी जाती है, ताकि प्रभाव को कम किया जा सके.''

बीएमसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करें और पाइपलाइन के पूरी तरह से बहाल होने तक इसकी खपत कम से कम करें. आदित्य ठाकरे ने बीएमसी प्रमुख से मुलाकात की, तटीय सड़क खोलने और शहर में जलापूर्ति पर चर्चा की .

शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने 10 जनवरी को बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) प्रमुख भूषण गगरानी से मुलाकात की और मुंबई तटीय सड़क परियोजना, शहर में जलापूर्ति के अलावा अन्य मुद्दों पर चर्चा की.




## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## ट्रंप के 'आपातकाल' फैसले...

राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने अमरीका की दक्षिणी सीमा, मैक्सिको बॉर्डर, पर आपातकाल घोषित कर दिया। वहां सेना भेजने की भी घोषणा की गई है। राष्ट्रपति ट्रंप के लिए अवैध घुसपैठियों का मुद्दा सबसे संवेदनशील है। अवैध प्रवासियों को उनके मूल देश तक अमरीका छोड़ कर ही दम लेगा। इनमें करीब 18,000 भारतीयों पर भी तलवार लटकी है, जो अवैध प्रवासी हैं। मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने का काम तेज किया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भी यह दीवार उनकी पहली प्राथमिकताओं में थी। मैक्सिको खाड़ी का नाम जल्द ही बदल कर 'अमरीका की खाड़ी' किया जाएगा। अमरीका में जो ड्रग तस्कर, माफिया किस्म के लोग सक्रिय हैं, उन्हें राष्ट्रपति ने 'आतंकवादी' घोषित कर दिया है। अमरीका पनामा नहर पर कब्जा करेगा। ट्रंप ने घोषणा की है कि हमने पनामा नहर 'तोहफे' के तौर पनामा को दी थी, लेकिन चीन इसका संचालन कर रहा है। हमने चीन को यह नहर नहीं दी थी, लिहाजा हम इसे वापस ले रहे हैं। क्या कब्जे की नीयत अमरीका-चीन में नए टकराव का सबब नहीं बनेगी? राष्ट्रपति ट्रंप ने 'एनर्जी इमरजेंसी' भी घोषित कर अपना मकसद साफ कर दिया है। अमरीका ऊर्जा-उत्पादन को बढ़ावा देगा और दुनिया के देशों को इसका निर्यात करेगा। अमरीका 'ग्रीन न्यू डील' को समाप्त करेगा। विद्युत-वाहनों की अनिवार्यता रद्द की जाएगी। इन वाहनों पर सबसिडी भी खत्म की जाएगी। पेट्रोल-डीजल की गाडि ों को प्रोत्साहन देकर 'ऑटो उद्योग' को दोबारा जिंदा करेंगे। दूसरे देशों को समृद्ध बनाने के लिए अपने नागरिकों पर टैक्स लगाने के बजाय विदेशों पर अधिक टैरिफ और कर लगाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने सबसे महत्वपूर्ण घोषणा यह की है कि अमरीकी सेना स्वतंत्र रूप से अपने मिशन पूरे करेगी, लेकिन दूसरे देशों के युद्धों, टकरावों में अब सेना शामिल नहीं होगी।

ट्रंप का संकेत स्पष्ट है, क्योंकि अमरीकी सेना विदेशी जमीन पर हस्तक्षेप करती रही है, लेकिन पराजित होकर, खाली हाथ उसे लौटना पड़ा है। ट्रंप के मुताबिक, हमारे लिए देश की सीमाओं की सुरक्षा करना पहली प्राथमिकता है। अमरीका दुनिया भर में अमन-चैन और स्थिरता का पक्षधर है। नए राष्ट्रपति अब 'शांति-पुरुष' की छवि बनाकर नोबेल पुरस्कार हासिल करना चाहते हैं? बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के आगाज पर कई संकेत दिए हैं कि वह आपातकाल, आक्रामक, परिवर्तनकारी, भिन्न, सौ फीसदी अमरीका फर्स्ट और युद्ध-विरोधी नीतियों के साथ आगे बढ़ेंगे।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# महाराष्ट्र : शिंदे की शिवसेना गार्जियन मिनिस्टर की नियुक्ति पर नाराज!

**मुंबईः** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इन दिनों स्विट्जरलैंड में हैं. इधर सीएम से डिप्टी सीएम बने एकनाथ शिंदे अपने गांव चले आए हैं. इन दोनों नेताओं की ये दूरी सिर्फ भौगोलिक ही नहीं, बल्कि सियासी भी हो गई है. बताया जा रहा है कि शिंदे इन दिनों नाराज चल रहे हैं. सरकार बनने के बाद महायुति में लगातार नाराजगी देखने को मिल रही है. कभी मंत्री पद को लेकर तो कभी विभागों को लेकर. अब दो जिलों के गार्जियन मिनिस्टर को लेकर विवाद महायुति में विवाद चल रहा है. शिंदे की शिवसेना गार्जियन मिनिस्टर की नियुक्ति पर नाराज चल रही है. गार्जियन मिनिस्टर यानी वो मंत्री जो किसी विशेष जिले के विकास की देखरेख के लिए नियुक्त किए जाते हैं.



**क्या है शिंदे की नाराजगी की वजह?**

महायुति सरकार में रायगढ़ और नासिक जिले में गार्जियन मिनिस्टर की नियुक्ति हुई, जिसमें बीजेपी के कोटे से गिरीश महाजन को नासिक की जिम्मेदारी मिली और NCP के कोटे से पार्टी अध्यक्ष सुनील तटकरे की बेटी और मंत्री आदिति तटकरे को रायगढ़ जिले का प्रभार मिला. इन दोनों जिलों के प्रभारी के लिए शिवसेना ने सरकार से डिमांड की थी. जब बात नहीं मानी गई तो एकनाथ शिंदे नाराज हो गए और एक बार फिर अपने गांव चले गए.

**दोनों गार्जियन मिनिस्टर की नियुक्ति पर फिलहाल होल्ड**

हालांकि बीजेपी उन्हें मनाने की कोशिश कर रही है. इसके लिए बीजेपी से गिरीश महाजन और चंद्रकात बावनकुले को लगाया गया है. शिवसेना के नेताओं और कार्यकताओं की नाराजगी को देखते हुए फिलहाल दोनों जिलों के प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति होल्ड कर दी गई है.

**संजय राउत ने महायुति पर कसा तंज**

चर्चा ये भी है कि शिवसेना को मनाने में जुटी बीजेपी से अब एनसीपी के नेता भी नाराज हो गए हैं. जहां महायुति के नेता दूरियों को मिटाने की बात कर रहे हैं, वहीं नाराजगी की खबरों ने विपक्ष को सरकार पर तंज कसने का मौका दे दिया है. शिवसेना के नेता संजय राउत ने महायुति पर तंज कसते हुए कहा कि इस सरकार के पास इतना बहुमत है, फिर भी ठीक से चल नहीं पा रही है. एकनाथ शिंदे की नाराजगी भी तभी सामने आई है, जब फडणवीस 20 से 24 जनवरी तक देश से बाहर हैं. उम्मीद यही है कि उनके आने के बाद शिंदे की नाराजगी पर बात होगी, लेकिन तब तक महाराष्ट्र की सियासत में नाराज शिंदे एक अहम किरदार बने रहेंगे.

# महाराष्ट्र में सांप्रदायिकता फैलाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं - उप मुख्यमंत्री अजित पवार



**मुंबईः** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) धर्मनिरपेक्ष राजनीति में भरोसा करती है और राज्य में सांप्रदायिकता फैलाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र हमेशा प्रगतिशील विचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा है। राकांपा एकता और धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी है।

**'दागी या खराब छवि वाले लोग राकांपा में नहीं होंगे शामिल'**

जालना में राकांपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन करते वक्त अजित पवार ने कहा, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो विभिन्न समुदायों में नफरत फैलाए और बांटने की राजनीति करे। उन्होंने कहा कि राकांपा में खराब छवि वाले या दागी लोगों को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं पार्टी सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे हमारी पार्टी में दागी लोगों को शामिल न करें।

इसके अलावा, अजित पवार ने 'माझी लड़की बहिन योजना' के लिए जो महिलाएं पात्र नहीं हैं, उनसे अपील की कि वे स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ दें। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं के लिए है। पवार ने कहा, जो लोग आयकर का भुगतान करते हैं, वे भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्हें स्वेच्छा से इस लाभ को छोड़ देना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पात्र लाभार्थियों को अगले महीने से उनके मासिक भत्ते मिलेंगे।

**ईवीएम को लेकर विपक्षी दलों पर साधा निशाना**

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर उन्होंने विपक्षी पर दोहरे रुख का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जब विपक्ष दल कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम की तारीफ करते हैं, लेकिन जब हारते हैं तो उन्हीं मशीनों पर आरोप लगाते हैं। पवार ने राकांपा कार्यकताओं से अपील की कि वे स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार रहें।

# लाडकी बहिन योजना का लाभ ले रहीं महिलाओं की जांच; जो लोग टैक्स देते हैं, वे भी योजना का लाभ उठा रहे हैं



**मुंबईः** महाराष्ट्र में इस समय लाडकी बहिन योजना का लाभ ले रहीं महिलाओं की जांच की जा रही है. इस जांच के बाद कई महिलाओं के नाम काटे जा सकते हैं. इस बीच डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि जो लोग टैक्स देते हैं, वे भी योजना का लाभ उठा रहे हैं. उन्हें स्वयं ही इसका लाभ छोड़ देना चाहिए. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में गेम चेंजर मानी जाने वाली लाडकी बहिन योजना खूब सुर्खियों में रही. चुनाव के पहले और चुनाव के बाद भी इस योजना की चचाएं खूब होती रही हैं. इसके अलावा विपक्ष की तरफ से भी समय-समय पर इस योजना को लेकर सवाल खड़े किए जाते रहे हैं.

एक शिकायत के बाद लाडकी बहिन योजना के लाभार्थियों की जांच की जा रही है. ये जांच कई महिलाओं के लिए चिंता का विषय बन सकती है. इसके अलावा महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का बयान भी सामने आया है. जिसमें उन्होंने इस योजना का लाभ उठा रही महिलाओं को चेताया है. पवार ने कहा कि जो लोग टैक्स देते हैं, वे भी योजना का लाभ उठा रहे हैं. उन्हें स्वयं ही इसका लाभ छोड़ देना चाहिए. एनसीपी प्रमुख और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने माझी लाडकी बहिन योजना (लाडली बहन योजना) अपात्र महिला लाभार्थियों से स्वेच्छा से हटने का आग्रह किया है. उन्होंने कहा कि इस योजना को शुरू करने के पीछे की वजह आर्थिक रूप से वंचित महिलाएं हैं. जो टैक्स पेयर परिवार हैं, उनको समझदारी बरतते हुए खुद ही इसका लाभ छोड़ देना चाहिए, ताकि सहायता जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके. इसके साथ ही इस समय महाराष्ट्र में महिलाएं इस योजना की किस्त का इंतजार भी कर रही हैं, जिसको लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि पात्र महिलाओं को 26 जनवरी तक हर महीने 1,500 रुपये का भत्ता मिलना शुरू हो जाएगा. मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना की शुरूआत साल 2024 के अगस्त के माह में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुरू की थी.

# 23 जनवरी को बालासाहेब ठाकरे की जयंती पर बड़ा राजनीतिक भूचाल आने का दावा

**मुंबई :** शिंदे सेना के उपनेता व पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने दावा किया है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा भूचाल आने वाला है। 23 जनवरी को स्व. बालासाहेब ठाकरे की जयंती है। उस दिन सभी को इसका पता चलेगा। उन्होंने दावा किया कि उद्धव सेना के 15 विधायक और कांग्रेस के 10 विधायक हमारी पार्टी शिवसेना में शामिल होने के इच्छुक हैं। पूर्व सांसद शेवाले ने कहा कि महाराष्ट्र की लाडली बहना अपने लाडले भाई एकनाथ शिंदे का अभिनंदन करेगी। आगामी स्थानीय निकाय के चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी उसी दिन से सदस्यता अभियान शुरू करेगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में शेवाले ने कहा कि कांग्रेस और उद्धव सेना के विधायक ही नहीं, सांसद भी हमारे संपर्क में हैं। शेवाले से पहले शिंदे सेना के नेता व राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने भी दावा किया था कि विरोधी दलों के कई सारे विधायक व सांसद उनकी पार्टी में शामिल होना चाहते हैं, इसलिए उद्धव सेना डरी हुई है। वे झूठी खबरें फैला रहे हैं।

**संजय राउत पर निशाना**

उद्धव सेना के प्रवक्ता संजय राउत पर व्यंग करते हुए शेवाले ने कहा कि पहले उन्हें उद्धव सेना के पतन की चिंता करनी चाहिए। रही बात महा विकास आघाडी की तो अब वह रही कहां? शेवाले ने उद्धव सेना की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ पार्टी नेता अपने अस्तित्व और अपने परिवार को बचाने के लिए हाथ-पैर फैलाते नजर आ रहे हैं। शेवाले ने कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के 7 सांसद और 57 विधायक चुनकर आए। विधानसभा चुनाव में उद्धव सेना से 15 लाख, 63 हजार, 917 वोट ज्यादा वोट हासिल किए।



**शिंदे व विधायकों का सत्कार**

शेवाले ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महिलाओं की आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए 2.5 करोड़ लाडली बहनों को हर महीने 1500 रुपये देने की योजना लेकर आए। अब वे लाडली बहना उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पार्टी के जीतने वाले विधायकों का अभिनंदन करना चाहती हैं। इसके लिए बीकेसी में 23 जनवरी को एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सोनू निगम और अवधूत गुप्ते का संगीतमय कार्यक्रम भी होगा।

बीएमसी सहित राज्य के दूसरे महानगरपालिका, नगरपालिका, जिला पंचायत, जिला परिषद में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। इस संबंध में शेवाले ने कहा कि हमारी तैयारी चल रही है। मुंबई महानगरपालिका पर अगला मेयर शिवसेना का होगा। इसके लिए हम 24 से 30 जनवरी के बीच शाखा प्रमुखों की बैठक लेंगे। नई कार्यकारिणी की घोषणा फरवरी के पहले सप्ताह में की जाएगी। शेवाले ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे की जयंती पर पार्टी सदस्यता अभियान शुरू करेगी, जो पार्टी नेता व उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के जन्मदिन 9 फरवरी तक चलेगा। मतदाताओं को धन्यवाद देने के लिए जिलेवार बैठकें भी आयोजित की जाएंगी।

## वसई विरार में यातायात पुलिस ने बिना आवश्यक दस्तावेजों के चल रहे 50 रिक्शा जब्त किए...



**पालघर:** वसई विरार में यातायात पुलिस ने प्रगति नगर, अलकापुरी और तुलिंज रोड इलाकों में लाइसेंस, बैज, परमिट और प्रदूषण नियंत्रण (ढवउ) प्रमाण पत्र सहित बिना दस्तावेजों के चलने वाले 50 वाहनों को जब्त किया है। वरिष्ठ निरीक्षक प्रशांत लांघी के अनुसार, क्षेत्र में अनधिकृत रिक्शा को निशाना बनाकर कार्रवाई जारी रहेगी। वसई विरार में, कथित तौर पर 30-40% रिक्शा वैध दस्तावेजों के बिना चल रहे हैं और वे अक्सर यातायात कानूनों का उल्लंघन करते हैं। अनधिकृत रिक्शा की सबसे अधिक संख्या प्रगति नगर, अलकापुरी, मोरेगांव, गाला नगर, शिरडी नगर, तुलिंज, संतोष भुवन, वसई फाटा और नालासोपारा के अन्य हिस्सों जैसे क्षेत्रों में केंद्रित है। जबकि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के पास इन अवैध रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार है; हालाँकि, अधिकृत रिक्शा संचालन का कोई अंत नहीं लगता है।

## बालासाहेब ठाकरे की जयंती के बैनर को हटाते समय फट गया

### उद्धव ठाकरे की शिवसेना के शिवसैनिकों में गुस्सा

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई में बीती रात को सायन प्रतीक्षा नगर में उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना-यूबीटी के कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया. इस दौरान वे सड़क पर बैठ गए. बालासाहेब ठाकरे के बैनर को फाड़ने के मामले को लेकर शिवसेना-यूबीटी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया. अवैध बैनर हटाते समय बीएमसी कर्मचारियों से बालासाहेब ठाकरे का बैनर फट गया था.

बीएमसी अधिकारियों की ओर से बैनर हटाने के दौरान, बालासाहेब ठाकरे की जयंती 23 जनवरी के अवसर पर ठाकरे की शिवसेना की ओर से लगाया गया बैनर फट गया था. इसके कारण सायन में शिवसैनिक आक्रोशित हो गए और सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे. सायन के प्रतीक्षा नगर में, मुंबई महापालिका के कर्मचारियों की ओर से विभिन्न पार्टियों के लगाए गए बैनरों को हटाया जा रहा था. इसी दौरान, बालासाहेब ठाकरे की जयंती के लिए लगाए गए बैनर को भी हटा दिया गया था.



बालासाहेब ठाकरे की जयंती के बैनर को हटाते समय वह बैनर फट गया, जिससे उद्धव ठाकरे की शिवसेना के शिवसैनिकों में गुस्सा देखने को मिला. सायन के प्रतीक्षा नगर में सड़क पर बैठकर शिवसैनिकों ने मुंबई महापालिका अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. शिवसैनिकों का कहना है कि बालासाहेब की जयंती के बैनर को हटाकर और उसमें से एक बैनर को फाड़कर मुंबई महापालिका अधिकारियों ने उनका अपमान किया है. बता दें कि एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद शिवसेना दो गुटों में बंट गई थी. एकनाथ शिंदे गुट इस समय महायुती सरकार में शामिल हैं. इसमें बीजेपी और अजित पवार की पार्टी एनसीपी शामिल है. वहीं उद्धव ठाकरे गुट एमवीए के साथ, जिसमें कांग्रेस और शरद पवार की पार्टी एनसीपी-एसपी है. एकनाथ शिंदे इस समय महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री भी हैं.

## मुंबई पुलिस को शरीफुल के 19 फिंगरप्रिंट्स मिले... जांच के लिए लैब भेजा

**मुंबई :** सैफ अली खान पर हमले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने हाल ही मुख्य आरोपी शरीफुल को गिरफ्तार किया और सोमवार, 21 जनवरी को बताया कि वह बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था। पुलिस ने शरीफुल को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ की, जिसमें कई चौंकाने वाली जानकारियां मिली हैं। आरोपी अभी पुलिस की कस्टडी में है और पूछताछ जारी है। इस बीच मुंबई पुलिस को घटनास्थल से शरीफुल के 19 फिंगर प्रिंट्स मिले, जिनकी जांच करवाई जा रही है।

पुलिस को ये सबूत सैफ के घर के बाथरूम की खिड़की, डक्ट शाफ्ट, सीढ़ियों, बालकनी और बाथरूम के अलावा उस सीढ़ी से मिले हैं, जिसका इस्तेमाल शरीफुल ने सैफ के घर में घुसने और बाहर निकलने के लिए किया था। पुलिस फिंगरप्रिंट्स को इस मामले में सबसे अहम सबूत मानकर चल रही है।



**फिंगप्रिंट्स का नहीं मिला मैच, यह बोले जांच अधिकारी**

मुंबई पुलिस ने बाद में इन फिंगरप्रिंट्स को राज्य और राष्ट्रीय डेटाबेस के साथ चेक किया, पर कोई मैच नहीं मिला। जांच में शामिल एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हमें सोचना चाहिए था कि लुटेरा बाहर से हो सकता है और शायद बांग्लादेशी नागरिक हो सकता है, क्योंकि वहां से बड़ी संख्या में लोग अवैध रूप से देश में प्रवेश करते हैं।' पुलिस आगे की पूछताछ और जांच के लिए मोहम्मद शरीफुल इस्लाम को लॉकअप से बांद्रा पुलिस स्टेशन ले गई। वहीं अब पुलिस शरीफुल को लेकर सैफ के घर पहुंची और घटना की रात का सीन रीक्रिएट किया गया। मुंबई पुलिस 21 जनवरी को शरीफुल को सैफ के घर ले गई और पूरा सीन रीक्रिएट करने और सारी जानकारी जुटाने के बाद वहां से एक घंटे बाद निकली है।

मालूम हो कि सैफ पर हमला करने के बाद शरीफुल बांद्रा स्टेशन से होते हुए दादर भाग गया और फिर वर्ली चला गया। पुलिस ने बांद्रा रेलवे स्टेशन, दादर और वर्ली के सीसीटीवी फुटेज खंगाली और उसकी मदद से आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी। उसके ठिकाने की पुष्टि तब हुई, जब उसे एक फूड स्टॉल पर पराठे खाते देखा गया। पुलिस ने फिर स्टॉल मालिक का पता लगाया और इस दौरान उस यूपीआई ट्रांजेक्शन की डिटेल हाथ लगी, जिसका इस्तेमाल शरीफुल ने पराठे और पानी की बोतल के भुगतान के लिए किया।

## मुंबईः कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के टिकट देने का वादा करके 1.60 लाख रुपये की ठगी

**मुंबईः** ताड़देव के एक व्यक्ति को एक अज्ञात जालसाज ने नवी मुंबई में कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के टिकट देने का वादा करके 1.60 लाख रुपये की ठगी कर ली। शिकायत के बाद ताड़देव पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, धोखाधड़ी सोशल मीडिया के जरिए की गई। शिकायतकर्ता, मफरीन जमशेद ईरानी (38), एक पेशेवर पार्टी प्लानर, कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में शामिल होने के लिए उत्सुक था। 17 जनवरी को दोपहर करीब 2 बजे उसे टिकटसेलर सागरचौहान01 नाम के अकाउंट से इंस्टाग्राम स्टोरी मिली, जिसमें टिकट उपलब्धता का विज्ञापन दिया गया था।

ईरानी ने अकाउंट को मैसेज किया और उसे प्रति टिकट 12,000 से 15,000 रुपये की कीमत बताई गई। वह तीन टिकट खरीदने के लिए सहमत हो गया और जालसाज द्वारा साझा किए गए क्यूआर कोड के माध्यम से 45,000 रुपये का शुरूआती भुगतान किया।




17 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 18 जनवरी को सुबह 2 बजे के बीच जालसाज ने ईरानी को कुल पांच ट्रांजैक्शन करने के लिए प्रेरित किया, जिसकी कुल राशि ₹1.60 लाख थी। जब ईरानी को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है, तो उन्होंने ताड़देव पुलिस से संपर्क किया और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। ताड़देव पुलिस ने जालसाज की तलाश शुरू कर दी है और मामले की आगे की जांच कर रही है। अधिकारियों ने लोगों को ऑनलाइन असत्यापित स्रोतों से इवेंट टिकट खरीदते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# नरीमन प्वॉइंट में फाइव स्टार होटल में महिला का शव मिला, मामले की जांच शुरू




**मुंबई :** दक्षिण मुंबई के नरीमन प्वॉइंट स्थित एक पांच सितारा होटल में 60 वर्षीय एक महिला मृत पाई गई। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।मरीन ड्राइव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि विनौती मेहतान (60) का शव रविवार दोपहर को मिला। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''महिला के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे, न ही उसकी मौत के संबंध में अभी तक कोई संदिग्ध चीज मिली है। मौत का सही कारण जानने के लिए विसरा का नमूना फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।'' उन्होंने कहा, ''वह पिछले दो सप्ताह से होटल में रह रही थी। उसने 24 घंटे तक अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला था। यह घटना तब प्रकाश में आई जब उसने दरवाजे पर दस्तक देने और फोन पर कॉल करने पर भी कोई जवाब नहीं दिया।'' उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।

# मुंबई/ मलबार हिल में 26 करोड़ के खर्च से तैयार हुआ मुंबई में पहला ट्री वॉक...

**मुंबई :** मुंबई में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बीएमसी ने दक्षिण मुंबई के मलबार हिल इलाके में सिंगापुर की तर्ज पर ट्री वॉक बनाया है। मुंबईकर फरवरी से इस ट्री वॉक का आनंद ले सकेंगे। यह मुंबई का पहला ट्री वॉक है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि यह पर्यटकों को पेड़ों पर चलने का अहसास कराएगा। बारिश के दिनों में यहां लोग प्रकृति का पूरा नजारा देख सकेंगे। ट्री वॉक पर इंट्री से पहले एक गेट बनाया गया है, अंतिम छोर पर भी इसी तरह का गेट बनाया जा रहा है।

यहां से पर्यटक गिरगांव चौपाटी का नजारा देख सकेंगे। इस ट्री वॉक को कमला नेहरू उद्यान में स्थित बुढ़िया के जूते से जोड़ा गया है। साथ ही यहां वीविंग डेक भी बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से मुंबई में पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2021 में इस प्रोजेक्ट की परिकल्पना की गई थी। तब प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 12.66 करोड़ रुपये थी, जो दो गुना बढ़कर 26 करोड़ रुपये हो गई है। यह वॉकवे निःशुल्क होगा या पर्यटकों से फीस ली जाएगी, इस पर बीएमसी ने अब तक निर्णय नहीं लिया है।



अधिकारी ने बताया कि मलबार पहाड़ी स्थित कमला नेहरू उद्यान के पास ट्री वॉक करते समय पर्यटकों को एडवेंचर का अनुभव होगा। कमला नेहरू और फिरोजशाह उद्यान को देखने के लिए देश-विदेश के लोग आते हैं। कमला नेहरू उद्यान से मलबार हिल की तरफ उतरते समय जंगल और बड़ी संख्या में उड़ते पक्षी लोगों को लुभाते हैं। पेड़ों के बीच से जानेवाला यह मार्ग 482 मीटर लंबा है। इसकी ऊंचाई डेढ़ मीटर के आसपास है, जबकि चौड़ाई 2.4 मीटर है। आपातस्थिति और खतरे के समय पर्यटकों को सुरक्षित निकालने के लिए अतिरिक्त रोड बनाए गए हैं। इसमें हर 300 मीटर पर एक एग्जिट मार्ग बनाया गया है। इस ट्री वॉक के दोनों तरफ लकड़ी की सुरक्षा दीवार बनाई गई है। अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा दीवार लोहे की इसलिए नहीं बनाई गई है क्योंकि समुद्र के नजदीक होने के कारण उसमें जल्दी जंग लग जाएगा। देरी के कारण इस प्रोजेक्ट का खर्च दोगुना हो गया।

# गैंगस्टर छोटा राजन के एक गुर्गे ने बॉम्बे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया



**मुंबई:** गैंगस्टर छोटा राजन के एक गुर्गे ने, जिसने गिरोह के एक अन्य सदस्य के साथ मिलकर 2011 में दक्षिण मुंबई के पाकमोडिया स्ट्रीट में भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई के अंगरक्षक-सह-चालक की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी थी, जनवरी के दूसरे सप्ताह में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) अदालत के उस आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसमें उसे अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था। 2015 में एक विशेष मकोका अदालत ने आरिफ सैयद अबू बुखा की हत्या में शामिल होने के लिए इंद्र खत्री, सैयद बिलाल मुस्तफा अली और अब्दुल रशद शेख को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, जबकि मुख्य साजिशकर्ताओं और छोटा राजन के गुर्गों उम्मेद इशरत शेख, उम्मेद के भाई अदनान, डीके राव और आसिद जान मोहम्मद शेख को बरी कर दिया था।

# जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस की पार्सल वैन से 92.9 किलोग्राम लाल चंदन की लकड़ी जब्त!

**मुंबई :** मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर पश्चिमी रेलवे की सतर्कता टीम ने अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष निवारक जांच अभियान चलाया. इस अभियान के तहत ट्रेन संख्या 12956 जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस की पार्सल वैन की गहन जांच की गई. इस जांच के दौरान 12 घंटे की कड़ी छानबीन के बाद चार संदिग्ध पैकेज पकड़े गए, जिनमें से 15 लट्ठे लाल चंदन की लकड़ी के पाए गए. इन लट्ठों का कुल वजन 92.9 किलोग्राम था.



माना जा रहा है कि यह खेप वैध पार्सल बुकिंग की आड़ में तस्करी कर लाने का प्रयास किया गया था. पार्सल बुकिंग के जरिए इस बहुमूल्य लकड़ी की अवैध आवाजाही को अंजाम दिया जा रहा था, जिसे सतर्कता टीम ने सफलतापूर्वक विफल कर दिया. जांच में पाया गया कि ये लकड़ियाँ तस्करी के लिए निर्धारित थीं, जिसे रेलवे पार्सल सेवा का दुरुपयोग करके गंतव्य तक पहुँचाने की कोशिश की जा रही थी.

सतर्कता टीम द्वारा जब्त किए गए इस अवैध माल की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई. जांच प्रक्रिया के दौरान माल प्राप्त करने वाले व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया और उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है. वन विभाग को आगे की विस्तृत जांच के लिए अवैध लकड़ी और संदिग्ध व्यक्ति को सौंप दिया गया है. रेलवे प्रशासन के अनुसार, पार्सल सेवा का दुरुपयोग करके तस्करी गतिविधियों को अंजाम देने की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिसे रोकने के लिए सुरक्षा और सतर्कता उपायों को और सख्त किया जा रहा है. इस मामले में विशेष सतर्कता अभियान चलाने का मुख्य उद्देश्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और पार्सल सेवा के दुरुपयोग को रोकना है.

पश्चिमी रेलवे प्रशासन ने इस कार्रवाई को यात्रियों और व्यापारियों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है और कहा है कि आगे भी इस प्रकार की सतर्कता जांच जारी रखी जाएगी. यात्रियों और व्यापारियों से अपील की गई है कि वे वैध दस्तावेजों के साथ ही पार्सल बुकिंग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत रेलवे अधिकारियों को दें. यह कार्रवाई रेलवे सतर्कता टीम की सजगता और कुशलता को दर्शाती है, जिसने तस्करी के प्रयास को विफल कर एक बड़ी सफलता हासिल की.

# महाराष्ट्र : बोर्ड परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड जारी



**मुंबई:** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2025 महाराष्ट्र कक्षा 10 (SSC) बोर्ड परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं. छात्र अपने संबंधित स्कूलों से अपने हॉल टिकट ले सकते हैं. स्कूलों को हॉल टिकट ऑनलाइन प्रिंट करने के लिए कोई एक्स्ट्रा फीस लेने की इजाजत नहीं है. एक बार डाउनलोड हो जाने के बाद, स्कूलों को एडमिट कार्ड प्रिंट करना होगा और उस पर प्रधानाध्यापक या प्रिंसिपल के साइन होने होंगे. जिन कैंडिडेट्स के पेमेंट की कन्फर्मेशन ''भुगतान किया गया'' के रूप में की गई है, उनके लिए एडमिट कार्ड ''पेमेंट स्टेटस एडमिट कार्ड'' सेक्शन के तहत उपलब्ध होंगे. एडमिट कार्ड प्रिंट करने के बाद, स्कूलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्टूडेंट की डिटेल - जैसे सब्जेक्ट और एग्जाम सेंटर ठीक हैं.

# महाराष्ट्र : प्रदेश में बदले गए चुनाव आयुक्त, इस आईएएस ऑफिसर को मिली जिम्मेदारी




**मुंबई:** महाराष्ट्र से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां दिनेश वाघमारे को राज्य निर्वाचन आयोग का नया आयुक्त नियुक्त किया गया है। कहा जा रहा है कि राज्य सरकार ने आगामी स्थानीय स्वशासन की पृष्ठभूमि में एक अहम फैसला लिया है। दिनेश वाघमारे अतिरिक्त मुख्य सचिव रैंक के अधिकारी हैं। जानकारी के मुताबिक राज्य के चुनाव आयुक्त अब दिनेश वाघमारे होंगे।

मंत्रिपरिषद ने चयन का अधिकार मुख्यमंत्री को दिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने दिनेश वाघमारे की सिफारिश राज्यपाल से की थी. मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस द्वारा अनुशंसित नाम पर राज्यपाल ने मुहर लगा दी।

बता दें कि, आईएएस दिनेश वाघमारे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने 29 वर्षों से अधिक समय तक भारतीय प्रशासनिक सेवा में सेवा दी है। वह राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। उन्होंने 1996 में पहली बार रत्नागिरी जिले के सहायक कलेक्टर का कार्यभार संभाला था। इसके बाद वह राज्य के कई विभागों में अहम पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनके नेतृत्व में वित्त, भूमि, ऊर्जा आदि विभागों की कई परियोजनाएं पूरी हुई हैं।

दिनेश वाघमारे 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने महाराष्ट्र राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (महापारेषण) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया है। वह सामाजिक न्याय विभाग के प्रधान सचिव हैं। वाघमारे के पास प्रबंधन और प्रशासन में 26 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने बी. ई. (इलेक्ट्रॉनिक्स) विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी) से किया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com